# मायुमं प्रेरणा शाखा ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाई होली



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा की पदाधिकारी एवं सदस्यों ने झुमरी तिलैया के एड्डी बांग्ला रोड स्थित वृद्धाश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्धजनों के साथ होली मना कर उनके उत्साह को दुगना कर दिया। शाखा की पदाधिकारी और सदस्यों ने बुजुर्ग महिला और पुरुषों के साथ होली मनाई। उन्होंने न सिर्फ उनका हाल-चाल जाना बल्कि उनके बीच कुछ समय बिताया। बुजुर्ग अपने बच्चे तुल्य प्रेरणा शाखा की सदस्यों को पाकर काफी खुश और आनंद का अनुभव कर रहे थे। बुजुर्ग सावित्री सेन, अमित कुंडू ,तापस कुंडू, दिलीप सिंह, हेमंती देवी, मालती देवी, धर्मशिला देवी ,इंद्रजीत कौर आदि ने कहा कि किसी भी पर्व पर सभी आनंदित और खुश रहे यही हम सब कामना करते हैं। शाखा अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि अपने परिवार से दूर वृद्धाश्रम में जीवन यापन कर रहे बुजुर्गों के बीच होली का त्यौहार मनाने का उद्देश्य क्या है कि होली जेसे त्यौहार में युवाओं एवं बच्चों में ही नहीं बुजुर्गों में भी उत्साह देखने लायक होता है और इसी उद्देश्य को लेकर बुजुर्गों के साथ फूलों की होली खेली गई। साथ ही साथ उन्हें ठंडाई और पकवान खिलाकर उत्साह को पूरा कर दिया गया। उनके पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया गया तथा होली की शुभकामनाएं दी गई। उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया ने कहा कि हमारी शाखा द्वारा समय-समय पर आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों का ख्याल रखते हुए त्यौहार के अवसर पर खुशियां बढ़ाते हैं, और मायूमं प्रेरणा शाखा का उद्देश्य वृद्धजनों के साथ-साथ कुछ समय की खुशियां बांटना और बुजुर्गों की सेवा कर पुण्य का काम होता है। मौके पर ज्योति अग्रवाल, रिचा भोजानवाला, प्रीति पच्चीसया, दीपा गुप्ता, श्वेता गुटगुटिया, सुनीता गुटगुटिया, नेहा जैन के अलावा वृद्धाश्रम की वार्डन मीणा देवी ,रीता देवी ,नीतू कुमारी आदि उपस्थित थे।

# द रामेश्वर वैली स्कूल में धूमधाम से मनाई गई होली

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया द रामेश्वर वैली स्कूल में 12 मार्च को धूम धाम से मनाई गई होली। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य रश्मि बरनवाल ने सभी बच्चों को गुलाल लगा कर की। किंडरगार्डन के नोनीहालों ने होली के गानों पर ठुमके लगाए और होली पर बने व्यंजन मिठाई और पकौड़ी का लुफ्त उठाएं। होली के गीतों पर विद्यालय के सभी बच्चे और शिक्षक खूब नाचे और एक दूसरे को गुलाल लगाए। बच्चों ने अपने सभी शिक्षक एवं प्रधानाचार्य को गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद भी लिया।



प्रधानाचार्य रश्मि बरनवाल ने बच्चों को होली के बारे में जानकारी देते हुए बताई की होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन को प्रहलाद और होलिका की कहानी पर रोशनी डालते हुए बच्चों को बताया की बुराई कितनी भी प्रबल हो अंत में जीत अच्छाई की ही होती है। इसलिए सबको हमेशा सही रास्ते पर चलना चाहिए और लोगों की मदद करनी चाहिए। होली के माहौल में सारे बच्चे रंग में सरा बोर हो गए और अपने सभी सहपाठियों को रंग गुलाल लगाकर एक दूसरों को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के निदेशक प्रवीण मोदी ने विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक एवं गैर शैक्षणिक कार्यो से जुड़े लोगों को होली की शुभ कामनाएं देते हुए सबको मिठाई के डब्बे और और नमकीन देकर सुरक्षित तरीके से रंग खेलने का खेलने को कहा। निदेशक ने प्रवीण मोदी ने यह भी बताया की विद्यालय पुण- 18 मार्च से खुलेगी और बच्चों के सत्र का अंतिम परीक्षा भी शुरू हो गया है ऐसे में बच्चे मौज मस्ती के साथ इस छुट्टियों में थोड़ी पढ़ाई भी कर ले क्योंकि शिक्षा जीवन का आधार है और एक शिक्षित इंसान जीवन में कभी असफल नहीं होता। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति, सीमा, सांची, शिवानी, दिव्या, श्रुति, रानी, सृष्टि, आकाश, एकता, अनिल, अमित, सुधीर, विकास, विकास रविदास, विकास यादव ने अहम भूमिका निभाई। बच्चों में दीपिका, किंजल, राजनंदनी, अलीशा, अभिषेक, राजनंदन, प्रिंस, संदीप, सुशील, सुमंत, वीर एवं शौर्य ने होली का लुफ्त उठाया।

## मरकच्चो प्रखण्ड मुख्यालय समेत प्रखण्ड के विभिन्न जगहों पर मनाई गई होली मिलन सामारोह

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

मरकच्चो प्रखण्ड मुख्यालय में बुधवार को अंचलाधिकारी परमेस्वर कुशवाहा और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलाश महतो के नेतृत्व में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन कर प्रखण्ड और अंचल के कर्मियों के बीच जमकर पूवा पकवान एक दूसरे को खिलाकर रंग बिरंगे अबीर गुलाल एक दूसरे को लगाकर होली की हार्दिक शुभ कामनाएं दिए । वहीं सियाई नीतीश कुमार ने कहा की होली त्यौहार एक दूसरे को गले मिलने का त्यौहार और इस त्यौहार में लोग सारी बुराइयों को भूलकर अच्छाइयों को अपनाने के लिए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हैं । वहीं इस दौरान प्रखण्ड के आंगनबाड़ी सेविका सहायक दीदी लोग भी आपस में एक दूसरे को रंग बिरंगे अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभ कामनाएं दिए। वहीं आज ही के दिन प्रखण्ड प्रमुख बिजय कुमार सिंह के नेतृत्व में मरकच्चो में कार्यक्रम का आयोजन कर क्षत्रिय समाज के लोगों ने भी पूरे गाजे बाजे के साथ नाचते झूमते हुवे आपस में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की हार्दिक शुभ कामनाएं दिए । वहीं इस मौक़े पर मुखिया रंजीत कुमार सिंह , समाज सेवी मनोज सिंह , अनेस्वर सिंह , पंसस शतिस सिंह , बिनय सिंह ,बीरेंद्र सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# होली मिलन समारोह सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

जयनगर प्रखंड अंतर्गत आदर्श शिशु उच्च विद्यालय बाघमारा में होली मिलन समारोह सह गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राइवेट स्कूल संगठन के अध्यक्ष बीएनपी बरनवाल के द्वारा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रिंसिपल दशरथ राणा एवं संचालन विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक पिंटू पांडे के द्वारा की गई। होली मिलन समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत माला पहनकर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा कुमारी आराध्य के द्वारा संस्कृत में मंत्र उच्चारण कर स्वागत गीत प्रस्तुत अतिथियों का




स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक होली पर पारंपरिक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में एक दूसरे को अबीर लगाकर गले मिलकर छोटे-छोटे बच्चों ने अतिथियों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला परिषद केदारनाथ यादव, सांसद प्रतिनिधि किसुन यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, मध्य जिला परिषद प्रतिनिधि देवनारायण यादव, स्थानीय मुखिया गणपत यादव, मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मुखिया भोला यादव, मुखिया राजेंद्र यादव, विद्यालय के डायरेक्टर रामदेव यादव, नेशनल स्कूल डायरेक्टर मुस्ताक खान, एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल डायरेक्टर हीरामन मिस्त्री, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डायरेक्टर अर्जुन चौधरी, आइडियल प्रोग्रेसिव स्कूल डायरेक्टर कन्हाई चंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य धनेश्वर राणा उप मुखिया चंदन बरनवाल, समाजसेवी मनोज चौधरी शिक्षक महेंद्र यादव, समाजसेवी अरमान खान मध्य विद्यालय प्रधानाध्यापक सकलदेव राम, आरएसएस खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव, समाजसेवी चतुरानंद पंडित, विद्यालय के सभी शिक्षक अभिभावकगण विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

## सतगावां प्रखण्ड के स्थानीय जनप्रतिनिधिओं ने शांति समिति की बैठक का किया बहिष्कार

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता।** सतगावां थाना प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा आयोजित होली एवं ईद रमजान त्योहार को शांति पूर्वक मनाने को लेकर सतगावां थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में सतगावां प्रखण्ड के स्थानीय जनप्रतिनिधिओं को आमंत्रित किया गया। लेकिन थाना प्रभारी विजय गुप्ता के कार्यप्रणाली से नाराज होकर जनप्रतिनिधिओं ने बैठक का बहिष्कार किया है बताते चलें कि प्रमुख, उप प्रमुख एवं सभी पंचायतों के मुखिया पंचायत समिति सदस्य वार्ड सदस्यों ने बैठक का सामुहिक बहिष्कार किया। उक्त आशय की जानकारी सतगावां प्रखण्ड प्रमुख ललिता देवी एवं उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, जिला परिषद सदस्य ,नीतू कुमारी, मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम सिंह ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि थाना प्रभारी विजय गुप्ता स्थानीय लोगों से छोटे मोटे विवादों सुलझाने के मोटी रकम की वसुली करते हैं।इनका अपराधियों और शराब माफियाओं से साठ-गांठ है।

## सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के संज्ञान लेने पर डीसी ने छात्राओं को बेरहमी से पीटने वाली वार्डेन पर की कार्रवाई

**बोकारो ।** गिरिडीह जिले सरिया स्थित पीएम श्री झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के वार्डेन सह शिक्षिका अंशु कुमारी के विरुद्ध कार्रवाई की गयी है।उनको पूरे सेवाकाल तक वार्डेन से वंचित रखने और उनके एक वर्ष तक वेतन में बीस प्रतिशत कटौती आदेश जारी कर दी गयी है। मालूम हो कि वार्डेन द्वारा 2 मार्च को अध्यनरत छात्रों की बेरहमी से की गई। इस घटना पर गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने संज्ञान लेते पांच मार्च को मुख्य सचिव एवं गिरिडीह जिले के डीसी को पत्र लिख कर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने इस घटना की जांच कर कर दोषी वार्डेन के विरुद्ध कार्रवाई कर इसकी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। इसके बाद इस घटना की जांच डीसी ने कराई। जांच में यह घटना सही पाया गया। वार्डेन सह शिक्षिका ने छात्राओं को बेरहमी से पिटायी की थी। छात्राओं के चोटिल होने के उपरांत भी इलाज का उनके द्वारा प्रयास नहीं किया गया और ना ही इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारी को दीगई। इस घटना को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी बगोदर- सरिया की अध्यक्षता में जांच टीम गठित की गई।

## अधिवक्ताओं ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता धनबाद।** बार एसोसिएशन धनबाद के तत्वाधान में बार लाइब्रेरी परिसर में आज बुधवार को अधिवक्ताओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने भाग लेकर एक दूसरे को अभी गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी इस मौके पर सैकड़ो अधिवक्ताओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र शाह महासचिव जितेंद्र कुमार के अलावे अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी अनिल बनर्जी परमेश्वर वारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## गांधी सेवा सदन मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता धनबाद।** प्रेस क्लब धनबाद द्वारा गांधी सेवा सदन धनबाद के व प्रांगण मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विधानसभा के सदस्य मथुरा प्रसाद महतो व प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव अजय प्रसाद , अशोक शर्मा,पोपट कुमार, गोपाल जी,आर एन चौरसिया,संजय चोरसिया ,मनोज कुमार,संजय मिश्रा,असोक वर्मा आदि उपस्थित होकर एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाए दी।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में 9 वीं और 11 वीं कक्षा के परिणाम घोषित, हुआ ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया सेक्रेड हार्ट स्कूल, ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। विद्यालय में कक्षा 9 वीं और 11 वीं के परिणामों की घोषणा के साथ-साथ ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 9 वीं में राजवीर मोदी, पीयूष राज, आयुष कुमार, मानसी ऐश्वर्यम और सौरभ रंजन ने शीर्ष 5 स्थान प्राप्त किए। वहीं कक्षा 11 वीं में खुशी कुमारी शर्मा, अफरीन प्रवीन, सुमित कुमार, शिवानी कुमारी और मिस्टी राज ने शीर्ष स्थान हासिल किया। इन मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने सम्मानित किया। विद्यालय में कक्षा 10वीं और



12वीं में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और उन्हें उनके अगले शैक्षणिक सफर के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर, सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि आज का दिन हमारे विद्यार्थियों के लिए गर्व और नई प्रेरणा का दिन है। 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। ग्रेजुएशन समारोह के माध्यम से हम अपने छात्रों को अगली कक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ देते हैं और आशा करते हैं कि वे आने वाले वर्षों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहेंगे। वहीं निदेशक प्रमोद कुमार, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर क्लास टीचर मनोज पांडेय, अभिलाषा सिंह, सतीश कुमार, परीक्षा इंचार्ज सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, दीपक सर्राफ, एमडी शाहिद आलम सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# होली जॉन स्कूल में मनाया गया होली मिलन समारोह



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा स्थित होली जॉन स्कूल में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया होली का त्यौहार सभी नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर रंगों का त्यौहार का आगाज किए। बच्चों ने अपने घरों से होली के अवसर पर क्राफ्ट व पिचकारी का चित्र बनाकर लाए थे मौके पर उपस्थित विद्यालय निदेशक बाबूलाल पासवान ने बच्चों के साथ जानकारी साझा करते हुए बोले की होली रंगों का त्यौहार है एवं प्रेम शांति तथा सौहार्द का पर्व है । होलिका दहन करके प्रहलाद को भगवान श्रीहरि ने बचाया था, इसलिए यहां पर बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। ठीक उसी तरह अपने अंदर की बुराई द्वेष को खत्म कर प्यार तथा शांति सौहार्द के साथ होली पर्व को मनाना चाहिए। सभी बच्चों व शिक्षकों ने भी एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाये तथा जमकर होली के गाने पर नृत्य किए इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार ने सभी को नकली रंगों व नकली अबीर से बचने की सलाह दिए एवं बहुत ही सावधानी पूर्वक होली त्योहार को मनाने को कहा । इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक रोहित कुमार , सुभाष यादव , ममता देवी , प्रीति सिन्हा, प्रीति कुमारी , आरजू परवीन एवं विद्यालय के समस्त बच्चे उपस्थित थे।

## सत्यम शिवम सुंदरम +2 उच्च विद्यालय में मनाया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

डोमचांच फुलवरिया पंचायत में संचालित सत्यम शिवम सुंदरम +2 उच्च विद्यालय में बुधवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया, साथ ही स्कूली बच्चे विद्यालय प्रांगण में बड़े ही उत्साह के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते दिखें। शिक्षकगण ने एक दूसरे को गुलाल व गले लगाकर होली की ढेरों शुभकामनाएं दी।समारोह में उपस्थित विद्यालय के निदेशक सुखदेव हजाम वरिष्ठ शिक्षक आशीष मिस्त्री, प्राचार्य रामकृष्ण मेहता शिक्षक सुबोध कुमार विश्वकर्मा, रतन कुमार,अरुण कुमार, शिक्षिका ममता कुमारी ने विद्यालय परिवार को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए ÷हैप्पी होली सेफ होली÷ की बात कहते हुए सभी से सौहार्दपूर्ण होली खेलने की



कामना की निदेशक सुखदेव हजाम ने संबोधित करते हुए कहा होली एक लोकप्रिय प्राचीन हिंदू त्योहार है,जिसे रंगों का त्योहार या वसंत का त्योहार के रूप में भी जाना जाता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है,क्योंकि यह हिरण्यकश्यप पर विष्णु की नरसिंह नारायण के रूप में जीत का जश्न मनाते है। होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं।विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक आशीष मिस्त्री ने भी सबों को गुलाल व गले लगकर अपने संबोधन में कहा प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय,जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं। प्राचार्य रामकृष्ण मेहता ने भी कहा फागुन मास की पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है। होली मिलन समारोह में विद्यालय परिवार पुआ पकवान का भी आनंद लिया संगीत के धुन पर बच्चे बच्चियां खूब नाचते झूमते नजर आए। होली के साथ अनेक कथाएं जुड़ीं हैं।कैसियो मास्टर नंदलाल शर्मा, ढोलकिया मास्टर आशीष मिस्त्री ने लोगों को खूब झुमाया।

# जी. एस. पब्लिक स्कूल में मनाया गया होली मिलन समारोह, एकजुट व प्रेम भाव से खेलें होली नितेश कुमार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

डोमचांच जी.एस. पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में बुधवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया साथ ही स्कूली बच्चे विद्यालय प्रांगण में बड़े ही उत्साह के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते दिखें व शिक्षकगण ने एक दूसरे को गुलाल व गले लगाकर होली की ढेरों शुभकामनाएं दी। समारोह में उपस्थित विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, निदेशक नितेश कुमार, उप-निदेशक नीरज सिंह, प्राचार्या प्रतिमा कुमारी, कॉर्डिनेटर सोनी चंदन ने विद्यालय परिवार को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए ÷हैप्पी होली सेफ होली÷ की बात कहते हुए सभी से सौहार्दपूर्ण होली खेलने की कामना की। निदेशक नितेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा होली एक लोकप्रिय प्राचीन हिंदू त्योहार है, जिसे रंगों का त्योहार या वसंत का त्योहार के




रूप में भी जाना जाता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है, क्योंकि यह हिरण्यकश्यप पर विष्णु की नरसिंह नारायण के रूप में जीत का जश्न मनाता है। होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। उप-निदेशक नीरज सिंह ने भी सबों को गुलाल व गले लगकर अपने संबोधन में कहा प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं। उपस्थित प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने भी कहा फागुन मास की पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है। होली के साथ अनेक कथाएं जुड़ीं हैं। समारोह में सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं में अकॉउंटेन्ट गुलाब चंद सहा, काजल साव,राघव सिन्हा, के.के.पाठक, निरंजन कुमार, रामलखन राम, सुनील कुमार शर्मा, आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार शर्मा, नेहा कुमारी, अनुज कुमार, मंजू कुमारी, शिव कुमार , दिगम्बर पांडेय, अमनदीप कुमार, पवन कुमार मेहता, ममता कुमारी , बिमला कुमारी, स्नेहलता सिन्हा, सुनीता बारा, रविकांत रवि ,सना परवीन, शम्मा परवीन,नेहा भरतपुरिया मो.इल्यास, अनिता थापा, नेहा रजक, रूबी कुमारी,ममता सिन्हा,आरुषि सिंह, काजल कुमारी, रिंकी कुमारी, पूजा कुमारी, रूबी कुमारी ,जानकी कुमारी, रंजना कुमारी, शिवम कुमार,नेहा श्री, अरविंद कुमार, मनीष कुमार, शिल्पा कुमारी, निधि सिंह,दयानंद कुमार, रूपम कुमारी ,मनीष दीक्षित, नंदिनी गुप्ता, दिलीप कुमार, पूजा कुमारी, शुशीला कुमारी, प्रीति प्रिया तथा सभी बच्चे शामिल हुए।

## हजारीबाग यूथ विंग ने वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के साथ हर्षोल्लास से मनाया होली महापर्व

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता/हजारीबाग** – हजारीबाग यूथ विंग द्वारा समाजसेवा की अपनी परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी दीपूगढ़ा स्थित वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के साथ होली महापर्व बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस अवसर पर बुजुर्गों को केला, सेव, संतरा, जूस, हॉर्लिक्स, बिस्कुट, स्टील थाली, ग्लास, साबुन, सर्फ, दूध, मिक्चर, मूढ़ी सहित आवश्यक वस्तुएं को आकर्षक टोकरी में सजाकर भेंट कीं और उनके साथ स्नेहपूर्वक होली मनाई। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने होली गीत प्रस्तुत किए, जिससे बुजुर्गों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने बुजुर्गों को गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया बुजुर्गों ने भी सभी उपस्थित लोगों को अपने हाथों से गुलाल लगाया और आशीर्वाद दिया। उनके चेहरे पर खुशी की झलक देखते ही बनती थी। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने संकल्प लिया कि आगे भी ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखा जाएगा और समाज में बुजुर्गों को उचित सम्मान दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

**शिवालिक लघु वित्त बैंक लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः 501, सैलकॉन ऑरम, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली - 110025 CIN:U65900DL2020PLC366027

**नीलामी सूचना**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद बैंक से उनके द्वारा लिए गए गोल्ड लोन को समायोजित नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार 27 मार्च 2025 को उस शाखा परिसर में दोपहर 03:00 बजे नीलामी की तारीख तय की गई है जहाँ से ऋण लिया गया था। नीलामी की शर्तों और नियमों के अनुसार उधारकर्ता, खाताधारक और आम जनता सहित सभी इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

| क्र. स. | शाखा | खाता नंबर | खाताधारक का नाम | पिता/ जीवनसाथी का नाम | पता | खाता खोलने की तिथि | भुगतान करें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गाजियाबाद | 101542513613 | रबीता गोयल | पुत्री रविकांत बरनवाल (साहू) | 75, पीओ इसरी बाजार (साहू), स्टेशन रोड, डुमरी, इसरी बाजार, गिरिडीह, झारखंड, 825106 | 05-02-2024 | 13,127.70 |
| 2. | इंदिरापुरम | 101942518702 | रबीता गोयल | पुत्री रविकांत बरनवाल (साहू) | 75, पीओ इसरी बाजार (साहू), स्टेशन रोड, डुमरी, इसरी बाजार, गिरिडीह, झारखंड, 825106 | 08-08-2024 | 29,405.04 |
| 3. | गाजियाबाद | 101542515204 | रबीता गोयल | पुत्री रविकांत बरनवाल (साहू) | 75, पीओ इसरी बाजार (साहू), स्टेशन रोड, डुमरी, इसरी बाजार, गिरिडीह, झारखंड, 825106 | 30-08-2024 | 31,145.65 |

नीलामी की तिथि 27 मार्च 2025 @ 03:00 अपराह्न है।

**बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी से किसी भी खाते को हटाने या नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।